भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2550

उत्तर देने की तारीख: 19.12.2023

नशा मुक्त भारत अभियान

2550. **श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:**
श्री प्रतापराव जाधव:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय ने नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) के लिए इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने देश में स्कूली छात्रों के लिए नवचेतना माड्यूल विकसित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त नवचेतना मॉड्यूल के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ङ.) गत वर्ष के दौरान नवचेतना मॉड्यूल के माध्यम से प्राप्त की गई विभिन्न उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा नवचेतना मॉड्यूल के माध्यम से अगले एक वर्ष के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री ए. नारायणस्वामी)

(क) और (ख): सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने युवाओं, महिलाओं, छात्रों आदि के मध्य नशा मुक्त भारत अभियान के संदेश का प्रचार करने के लिए 23 नवम्बर, 2023 को नई दिल्ली में इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन के मुख्य उद्देश्य निम्नवत हैं:-

i. जमीनी कार्यकलापों तथा सोशल मीडिया के माध्यम से समुदाय में जागरूकता उत्पन्न करना।

ii. उच्च शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालय परिसरों तथा विद्यालयों को नशीले पदार्थों से मुक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करना।

iii. सामुदायिक आउटरीच तथा नशीले पदार्थों पर आश्रित जनसंख्या की पहचान करना।

iv. परामर्श तथा पुनर्वास का संवर्धन करना।

v. युवाओं तथा किशोरों के मानसिक तथा शारीरिक दुरूस्ति पर ध्यान केंद्रित करना।

(ग): जी, हां। मंत्रालय ने "नशा मुक्त भारत अभियान" (एनएमबीए) के अंतर्गत देश में विद्यालयी छात्रों के लिए नवचेतना मॉड्यूल विकसित किए हैं। इन शिक्षक संचालित 9 प्रशिक्षण मॉड्यूलों (कक्षा 6-11 के छात्रों के लिए 8 मॉड्यूल तथा माता-पिता के लिए 01 मॉड्यूल) को विद्यालयों में छात्रों के मध्य जीवन कौशल तथा ड्रग्स के प्रति जागरूकता में वृद्धि तथा शिक्षा के उद्देश्य के साथ शिक्षकों द्वारा प्रचारित तथा कार्यान्वित किया जाएगा।

पहले चरण के प्रारंभ में प्रत्येक चिन्हित 300 जिलों में 30 से अधिक शिक्षकों के साथ 100 विद्यालयों को कवर किया जाएगा। प्रत्येक जिले से पांच (05) मास्टर प्रशिक्षकों की पहचान की गई है, जिन्हें संबंधित राज्य के शिक्षा विभाग तथा एससीईआरटी द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है।

छात्रों तथा माता-पिता तक मॉड्यूलों के वितरण के लिए इन विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षित करने हेतु, नवचेतना की पहुंच तथा प्रभाव को और अधिक सुदृढ़ बनाने के वास्ते, प्रशिक्षण सामग्री का भारत की 12 क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है।

(घ): "नशा मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत विद्यालयी छात्रों के मध्य जीवन कौशल तथा ड्रग्स के प्रति जागरूकता में वृद्धि तथा शिक्षा के लक्ष्य के साथ नवचेतना प्रशिक्षण पैकेज को शिक्षकों द्वारा प्रचारित तथा कार्यान्वित किया जा रहा है।

नवचेतना मॉड्यूल के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं:-

i. विद्यालय के छात्रों में नशीले पदार्थों के दुरूपयोग के निवारण तथा कम उम्र में नशीले पदार्थों की शुरूआत करने पर रोकथाम।

ii. ड्रग्स का दुरूपयोग कर रहे बच्चों को आगे की जांच, परामर्श सहायता तथा उपचार के लिए लिंकेज सहायता प्रदान करना।

iii. बच्चों में ड्रग्स के दुरूपयोग के प्रारंभिक लक्षणों तथा उपलब्ध सहायता की जानकारी के संबंध में परिवारों/शिक्षकों को सहायता प्रदान करना।

(ड.) और (च): नवचेतना मॉड्यूल के अंतर्गत अब तक चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू, श्रीनगर, पंजाब, दिल्ली तथा हरियाणा राज्यों/संघ राज्यों में 309 मास्टर प्रशिक्षकों को मास्टर प्रशिक्षक संबंधी प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। मंत्रालय ने अगले वर्ष 300 चिन्हित जिलों के चिन्हित विद्यालयों में नवचेतना मॉड्यूल लाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

*****